312, भारत संचार भवन, हरीश चन्द्र माथुर लेन,
जनपथ, नई दिल्ली – 110001
312, Bharat Sanchar Bhawan, H.C. Mathur Lane,
Janpath, New Delhi-110 001
दूरभाष कार्यालय/Ph. : +91-11-2373 4070
फैक्स/Fax : +91-11-2373 4072
ई-मेल/E-mail : dirhrd@bsnl.co.in

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LTD.
(A Government of India Enterprises)

सुजाता तपन रे
निदेशक (एच.आर.)
Sujata T. Ray
Director (HR)

तृतीय वेतनमान की अनुसंशाओं को ले कर हमारे कर्मचारियों में काफी चिंता व उत्सुकता है जो कि स्वाभाविक है। इसे ले कर कुछ यूनियनों और एसोशिएशनों ने 20.06.2017 को धरना प्रस्तावित किया था, जिसमे अन्य मांगों के अलावा 01.01.2017 से वेतन एवं पेंशन संशोधन की मांगों को प्रमुखता से उठाया था।

मैं सभी को बताना चाहती हूँ कि न केवल मैनेजमेंट सभी यूनियनों और एसोशिएशनों से मिले सुझावो को ध्यान में रखकर हर स्तर पर तृतीय वेतनमान की उपरोक्त वेतन संशोधन के लिए हर संभव प्रयास करता रहा है अपितु किए गए प्रयासों से सभी यूनियनों और एसोशिएशनों को अवगत भी कराता रहा है। प्रस्तावित धरना को ध्यान में रख कर हमने कल दिनांक 19.06.2017 को यूनियनों और एसोशिएशनों के प्रतिनिधियों से पुनः किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से साझा किया। इन्हे यह भी सूचित किया गया कि मैनेजमेंट के अथक प्रयास को DOT/मंत्रालय ने गंभीरता से लिया है और इस दिशा में उन्होने सकारात्मक रुख का आश्वासन भी दिया है। इन परिस्थियों मे धरना व विरोध प्रदर्शन का कोई औचित्य नहीं है बल्कि यह समझने की जरूरत है कि किसी भी तरह की अनुशासनहीनता से हमारे अभी तक किए गए प्रयासों पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड सकता है।

मेरा सभी से आग्रह है कि कठिन प्रतियोगिता के इस समय मे कंपनी के सामने जो व्यावसायिक अवसर उत्पन्न हुए हैं, उनका कंपनी के हित में पूरी तरह से लाभ लेने के लिए पूर्व की भांति सभी कर्मचारी टीम भावना का परिचय दें व अपने अथक प्रयासों से कंपनी को ऊर्जा प्रदान करें। हमारे सामने चुनौतियाँ दो तरह की हैं; एक तरफ हमारे प्रतिद्वंदियों को टक्कर देते हुए हमें अपनी कंपनी का विकास करना है, दूसरी तरफ भारत सरकार ने सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जो महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई है और जिनकी सफलता का दारोमदार बहुत हद तक बीएसएनएल पर निर्भर करता है, उन्हे सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए पूरे मन से प्रयास करना है।

मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूँ कि एचआर से संबन्धित सभी मामलों को ले कर मैनेजमेंट अत्यंत गंभीर है व तृतीय वेतनमान संशोधन मैनेजमेंट के लिए बहुत अधिक महत्व रखता है। मैं इस पत्र के माध्यम से सभी संबन्धित अधिकारियों से भी आग्रह करती हूँ कि कर्मचारियों की व्यतिगत समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निवारण करें ताकि कंपनी में सद्भावनापूर्ण वातावरण बना रहे ।

पुनः सभी से आग्रह है कि कंपनी के हित में एकजुट होकर कार्य करें व भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों के लिए हम अपने को तैयार रखें।

सुजाता रे
(सुजाता टी रे) 20/6